दीनो का दुखड़ा | By Mukesh Bagda

दीनो का दुखड़ा जो तू ना सुनेगा
सोचो ज़रा श्याम सारा जग क्या कहेगा
दीनानाथ ऐसी बात कैसे तू सहेगा
दीनो का दुखड़ा..........

जग को चलाने वाले कैसे चुपचाप हो
हारे के सहारा देने वाले खुद आप हो
कुछ तो बिचारो क्या करना पड़ेगा
सोचो ज़रा श्याम सारा जग क्या कहेगा
दीनो का दुखड़ा..........

डरता हूँ दुनिया में होवे ना हंसाई
दीनो के नाथ कैसी करी निठुराई
वाजिब है जो वो बताना पड़ेगा
सोचो ज़रा श्याम सारा जग क्या कहेगा
दीनो का दुखड़ा..........

समय पे किये की प्रभु बात कुछ और है
तेरे आगे चलता ना मेरा कोई जोर है
संकट ये मेरा तुमको हरना पड़ेगा
सोचो ज़रा श्याम सारा जग क्या कहेगा
दीनो का दुखड़ा..........

हंसी हैं तुम्हारी भी मन में विचार लो
सारी बातें सोच कर के पलके उघाड़ लो
सांवर तेरा है बाबा तेरा ही रहेगा
सोचो ज़रा श्याम सारा जग क्या कहेगा
दीनो का दुखड़ा..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%a8%e0%a5%8b-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%96%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be-by-mukesh-bagda/